an>

Title: Need to provide adequate compensation to the farmers, whose fields have been used to install high tension towers by Power Grid Corporation of India Limited.

श्री गणेश सिंह (सतना) : मैं सरकार का ध्यान देश के विभिन्न राज्यों में स्थापित पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा लगाए गए पावर ग्रिडों की स्थिति की ओर दिलाना चाहता हूं। पा.ग्रि.का.इं.लि. द्वारा स्थापित पावर ग्रिडों में पावर प्लांटों से जो बिजली टावर लाइनों से लाई जाती है, वे सभी टावर किसानों के खेतों में खड़े किए जाते हैं लेकिन किसानों को उचित मुआवजा कंपनियों द्वारा नहीं दिया जाता है। पावर ग्रिडों की विद्युत तारें अक्सर लहलहाते खेतों पर टूटकर गिर जाती है, हाईपावर तारें खेतों में खड़ी तैयार फसल को जलाकर बर्बाद कर देती हैं। दर्जनों खेत जलकर स्वाहा हो जाते हैं, इससे देश का करोड़ों रूपये के खाद्यान्न का भी नुकसान होता है। तारें गिरने से कभी-कभी किसानों की भी तत्काल मृत्यु हो जाती है, किंतु बड़े दुख की बात है कि कंपनी द्वारा इसका मुआवजा किसान को अथवा उसके परिवार को नहीं दिया जाता है, जो कि सरासर अन्याय है।

मेरा सरकार से आग्रह है कि देश के गरीब किसानों के साथ न्याय करते हुए संबंधित कंपनियों को मुआवजा देने का प्रावधान बनाने हेतु निर्देश दिए जाए जिससे किसानों के नुकसान की भरपाई हो सके।